IV
HND.



# अध्याय - 12.

प्रश्न: सुनीता कितने बजे सोकर उठी?

उत्तर: सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी।

प्रश्न सुनीता आज बहुत खुश क्यों थी?

उत्तर सुनीता आज बहुत खुश इसलिए थी क्योंकि आज उसे पहली बार अकेले बाजार जाना है।

प्रश्न उसके लिए कठिन काम कौन-कौन से थे?

उत्तर उसके लिए कठिन काम थे- कपड़े बदलना जूते पहनना आदि।

प्रश्न मेज पर नाश्ता किसने लगा दिया था?

उत्तर मेज पर नाश्ता माँ ने लगा दिया था।

प्रश्न उसने रास्ते में क्या देखा?

उत्तर उसने रास्ते में खेलते हुए बच्चों को देखा,

प्रश्न:- वह पहिया कुर्सी पर क्यों बैठती थी?

उत्तर वह पैरो से चल नहीं सकती थी इसलिए

प्रश्न दुकानदार ने उसे देखकर क्या किया?

उत्तर दुकानदार ने उसे देखकर मुस्कुराया।

Scanned with CamScanner

प्रश्न सुनीता को सब लोग गौर से क्यों देख रहे थे?

उत्तर जब सुनीता चीनी लाने के लिए अपनी पहिया कुर्सी पर बाजार जा रही थी तो रास्ते में सब लोग उसे गौर से इसलिए देख रहे थे, क्योंकि वह आम लड़की की तरह नहीं थी। वह अपने पैरों पर चलने की जगह पहियों वाली कुर्सी द्वारा चल रही थी।

प्रश्न सुनीता को दुकानदार का व्यवहार क्यों बुरा लगा?

उत्तर:- जब दुकानदार ने देखा कि सुनीता अपने पैरों पर चल नहीं सकती तो उसने मुस्कुराकर चीनी की थैली खुद सुनीता की गोद में रख दी। सुनीता को दुकानदार का यह व्यवहार अच्छा नहीं लगा, क्योंकि वह किसी की सहानुभूति और अहसान नहीं लेना चाहती थी।

## अध्याय - 13.

प्रश्न उड़नखटोले पर बैठकर कौन आ रहा था?

उत्तर उड़नखटोले पर बैठकर सुलेमान आ रहा था।

प्रश्न!- सुलेमान कौन था?

उत्तर सुलेमान एक बादशाह था।

प्रश्न हुदहुद का शरीर कैसा होता है?

उत्तर हुदहुद का शरीर रंग-बिरंगा और चटकीला होता है।

प्रश्न हुदहुद को कहीं 'हजामिन' चिड़िया और कहीं 'पदुबया' के नाम से पुकारते हैं। क्यों?

उत्तर हुदहुद की चोंच लंबी, पतली और तीखी होती है जिसकी आकृति नाखून काटने वाली 'नहरनी' से मिलने के कारण इसे 'हजामिन' चिड़िया के नाम से भी पुकारते हैं। इसे 'पदुबया' के नाम से इसलिए पुकारते हैं क्योंकि यह दूब में से कीड़े ढूँढने का काम भी करती है।

Scanned with CamScanner

(5)

पेज न० - 110

प्रश्न ख

उत्तर • वे जमीन के अंदर से, दूब के अंदर तथा पेड़ों के खोखल के भीतर छिपे हुए कीड़े-मकोड़ों को खाते होंगे।

उत्तर • चोंच से वे अपना भोजन ढूँढने तथा जमीन खोदने का काम लेते होंगे।

प्रश्न हुदहुद चिड़िया के बारे में लिखें

उत्तर: हुदहुद का सारा शरीर रंग-बिरंगा और चटकीला होता है। पंख काले-काले होते हैं जिन पर मोटी सफेद धारियाँ बन होती हैं। गर्दन का अगला हिस्सा बदामी रंग का होता है। चोटी भी बदामी रंग की होती है, मगर उसके सिरे काले और सफेद होते हैं। चोंच पतली, लंबी तथा तीखी होती है। इसकी चोंच नाखून काटने वाली 'नहरनी' से बहुत मिलती है इस लिए इसे 'हजामिन' चिड़िया के नाम से पुकारते हैं। यह हमारे देश के सभी भागों में पाए जाते हैं।

प्रश्न:- तुम्हारे आसपास कौन-कौन से पक्षी पाए जाते हैं

उत्तर:- हमारे आसपास निम्नलिखित पक्षी पाए जाते हैं:-

(1) कौआ
(2) चिड़िया
(3) मोर
(4) कबूतर
(5) गोरैया
(6) कोयल
(7) तोता
(8) बगुला
(9) कठफोड़वा
(10) मैना

प्रश्न:- कौआ और कबूतर में अंतर लिखें?

उत्तर:- कौआ और कबूतर में निम्नलिखित अंतर हैं

कौआ:-

(1) कौआ का रंग काला होता है।
(2) यह काँव-काँव की आवाज करता है।
(3) इसकी चोंच काली और लंबी होती है।
(4) यह खाने के चीजों पर झपट्टा मारता है।

कबूतर:-

(1) कबूतर सलेटी या सफेद रंग का होता है।

2. यह "गुटरगूँ - गुटरगूँ" की आवाज करता है।

(3) इसे घरों में रहना पसंद है।

(4) यह दाने तथा कीड़े - मकोड़े खाता है।

(5) लोग इसे प्यार से पालते भी हैं।

प्रश्न फल, सब्जी और पत्तों के नाम पर रंगों के नाम लिखें! -

उत्तर :- संतरी — संतरा

कत्थई — कत्था

धानी - धान

बैंगनी - बैंगन

गुलाबी - गुलाब

गेहुआँ - गेहूँ

सिंदूरी - सिंदूर

सुरमई - सुरमा

Scanned with CamScanner

# अध्याय - 14

प्रश्न एक दिन भीखूभाई का मन क्या खाने को हुआ?

उत्तर एक दिन भीखूभाई का मन नारियल खाने को हुआ।

प्रश्न:- भीखूभाई की पत्नी का क्या नाम था?

उत्तर:- भीखूभाई की पत्नी का नाम भानुबेन था।

(क) प्रश्न हरबार भीखूभाई कम दाम देना चाहते थे क्यों?

उत्तर:- भीखूभाई बहुत कंजूस थे इसलिए हर बार कम दाम देना चाहते थे।

प्रश्न हर जगह नारियल के दाम में फर्क क्यों था?

उत्तर:- नारियल के बाग में नारियल सस्ता होता है जैसे-जैसे वह बाग से दूर जाता है उसके दाम में फर्क पड़ता क्योंकि मुनाफा जुड़ता जाता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न क्या भीखूभाई को नारियल सच में मुफ्त में ही मिला? क्यों?

उत्तर: भीखूभाई को नारियल मुफ्त में ही मिला लेकिन यह उन्हे बहुत महँगा पड़ा। उन्हे थकावट, परेशानी और चोट खाने के बाद प्राप्त हुआ।

प्रश्न वे खेत में बूढ़े बरगद के नीचे बैठ गए। तुम्हारे विचार से कहानी में बरगद को बूढ़ा क्यों कहा गया होगा?

उत्तर: बरगद का पेड़ बहुत पुराना होगा इसलिए कहानी में इसे बूढ़ा कहा गया होगा।

प्रश्न भीखूभाई के बारे में कुछ बातें बताओ

उत्तर: (क) उन्हें खाने-पीने का शौक था।
(ख) वे बहुत कंजूस थे।
(ग) किसी चीज को कम कीमत देने के लिए दूर भी जा सकते थे।
(घ) पैसे बचाने के लिए अनेक कष्ट सह सकते थे।
(ङ) कोई चीज मुफ्त में पाने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे।

Scanned with CamScanner

प्रश्न कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, कुछ चीजें बढ़ती हैं और कुछ घटती हैं। बताओ इनका क्या हुआ

उत्तर (क) नारियल का दाम — घटने लगा।

(ख) भीखू भाई का लालच — बढ़ने लगा।

(ग) रास्ते की लम्बाई — बढ़ने लगी।

(घ) भीखू भाई की थकान — बढ़ने लगी।

प्रश्न शब्दों की बात

उत्तर नाना - नानी मालिन - माली

पतीली - पतीला गद्दा - गद्दी

काका - काकी मामा - मामी

टोकरा - टोकरी चाचा - चाची

दर्जी - दर्जिन दादा - दादी

मटका - मटकी पिता - माता

(10)

# बजाओ खुद का बनाया बाजा

जलतरंग: → पानी भरे प्यालों में संगीत की लहर उठती है, इसलिए इसे 'जलतरंग' कहा जाता है।

नगाड़ा: → नगाड़ा एक प्रकार का बाजा है यह तो बहुत बड़ा होता है छोटा नगाड़ा बनाने के लिए नारियल का खोल, एक बड़ा गुब्बारा, धागा और एक पतली डंडी की जरूरत होती है।

धागे का बाजा: → धागे का बाजा बनाने के लिए पतले धागे की जरूरत होती है

## आँधी

प्रश्न आँधी कब आई?

उत्तर आँधी रात में आई

प्रश्न रात होने पर कौन-कौन लोग सो गए थे?

उत्तर रात होने पर मुन्नू, बड़ी बहन, पिता जी और माँ सो गए थे।

Scanned with CamScanner

प्रश्न हवा की अवाज कैसी होती है?

उत्तर हवा की अवाज सुर्र-सुर्र होती है।

प्रश्न किवाड़ बजने की आवाज कैसी थी?

उत्तर किवाड़ बजने की आवाज खट-खट थी।

प्रश्न बिजली किस प्रकार चमक रही थी?

उत्तर बिजली चम-चम करके चमक रही थी।

प्रश्न बूँदे किस तरह टपकने लगीं?

उत्तर बूँदे 'कम-कम' थम-थम करके टपकने लगीं।

प्रश्न बादल कैसी आवाज करके गरजने लगे?

उत्तर बादल 'गड़-गड़' की आवाज करके गरजने लगे

प्रश्न आँधी ने क्या-क्या उड़ाया?

उत्तर: आँधी ने टीन उड़ा दी और छत के खपरे भी सरका दिए।

Scanned with CamScanner